Title: Need to open a computerized railway reservation counter at Rath in Hamirpur Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh and provide civic amenities at the nearby railway stations. − Laid.

श्री राजनारायण बुधौलिया (हमीरपुर, उ.प्र.) : अध्यक्ष महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र हमीरपुर में रेलवे कम्प्यूटराइज्ड आरक्षण केन्द्र राठ में न होने के कारण मुझे एवं क्षेत्रीय लोगों को बहुत असुविधा हो रही है। इस संबंध में संबंधित रेलवे अधिकारियों को पत्र के माध्यम से अवगत करवा चुका हूं। प्रत्येक जिले में एक कम्प्यूटराइज्ड आरक्षण केन्द्र खोलने की सरकार की नीति है, परन्तु हमीरपुर जिले को इस नीति से अभी तक वंचित रखा गया है। हमीरपुर जिले में आरक्षण केन्द्र खोलने के लिए राठ सबसे उपयुक्त एवं सुविधाजनक स्थान है। राठ में आरक्षण केन्द्र खोलने से रेलवे के राजस्व में निश्चित तौर पर पर्याप्त वृद्धि होगी। क्षेत्रीय रेलवे स्टेशन हरपालपुर, महोबा, रागौल में छोटे छोटे यात्री शेड होने के कारण यात्रियों को बरसात एवं गर्मी में धूप से परेशानी का सामना करना पड़ता है। उक्त स्टेशनों के यात्री शौचालय बहुत ही गंदे एवं अव्यवस्थित हैं तथा पीने के स्वच्छ ठंडे पानी की उचित व्यवस्था नहीं है। यहां पर जो प्रतीक्षालय बने हुए हैं उनमें वीआईपी व्यक्तियों के ठहरने एवं बैठने की सुविधा भी उपलब्ध नहीं है। उत्तर प्रदेश सम्पर्क क्रांति सप्ताह में तीन दिन निजामुद्दीन के मानिकपुर तक आती जाती है इसे प्रतिदिन चलाया जाये। इस गाड़ी में सामान्य यात्रियों की संख्या बहुत ज्यादा है,जिस कारण यात्रियों को छत पर बैठने के लिए मजबूर होना पड़ता है। अतः उक्त ट्रेन में सामान्य यात्रियों के लिए 6 डिब्बे की संख्या बढ़ायी जाये ताकि भविय में होने वाली दुर्घटनाओं से बचा जा सके।

अतः मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि जनहित से जुड़ी उपरोक्त सभी समस्याओं के सकारात्मक समाधान हेतु सरकार अविलम्ब कदम उठाये।